नेपाल ‘इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस’ में शामिल

स्रोत: HT

नेपाल आधिकारिक तौर पर ‘इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस’ (IBCA) का सदस्य बन गया है

‘इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस’ (IBCA)

- भारत के नेतृत्व में **बड़ी बिल्लियों** की **सात प्रजातियों** और उनके आवासों के संरक्षण के लिये समर्पित **90 से ज़्यादा बड़ी बिल्लियों वाले देशों और गैर-बड़ी बिल्लियों** के संरक्षण में रुचि रखने वाले देशों का एक **बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन** है।
  - इसे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा **वर्ष 2019 में प्रस्तावित** किया गया था तथा **अप्रैल 2023 में आधिकारिक रूप से (मैसूर, कर्नाटक)** में प्रोजेक्ट टाइगर की **50वीं** वर्षगाँठ पर लॉन्च किया गया।
- **संस्थापक सदस्य (16):** भारत, आर्मेनिया, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, मिस्र, इथियोपिया, इक्वाडोर, केन्या, मलेशिया, मंगोलिया, नेपाल, नाइजीरिया, पेरू, सूरीनाम और युगांडा।
- **केंद्रित प्रजातियाँ: बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जैगुआर, प्यूमा।**
  - भारत इन **7 में से 5 की मेजबानी करता** (**प्यूमा और जैगुआर** भारत में नहीं पाए जाते) है।
- **उद्देश्य:** अवैध वन्यजीव व्यापार को रोकना, प्राकृतिक आवासों का संरक्षण करना, वित्तीय और तकनीकी संसाधनों को जुटाना तथा **बड़े बिल्लियों (Big Cats)** पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना।
- **शासन व्यवस्था:** यह **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)** के मॉडल पर आधारित है और इसमें मुख्य निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में सदस्यों की एक महासभा, नीति क्रियान्वयन के लिये एक **स्थायी समिति तथा भारत (नई दिल्ली)** में स्थित एक सचिवालय शामिल है।

और पढ़ें: इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस’ (IBCA)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nepal-enters-the-international-big-cat-alliance